एक्शन में FSSAI, मिलावटी खाने-पीने की चीजों को लेकर कैम्पेन शुरू

बड़े इवेंट्स में कई बार खाना बच जाता है या फिर फेंका जाता है. खाने की बर्बादी नहीं हो, इसके लिए टेक्नोलॉजी की मदद ली जा रही है.

Aug 30, 2019

नेहा सिंह, नई दिल्ली: खाने-पीने के सामान में हो रही मिलावट को लेकर FSSAI एक्शन में है. क्लाउड किचन की साफ सफाई और प्लाटिक का खाने में कम इस्तेमाल को लेकर FSSAI ने विशेष अभियान चलाया है. एक्शन प्लान को लेकर ज़ी न्यूज़ की रिपोर्टर नेहा सिंह ने FSSAI के CEO पवन अग्रवाल से विशेष बातचीत की. इसमें उन्होंने आगे का रोडमैप बताया.

खाने पीने की चीजों में मिलावट को लेकर एक्ट में कोई बदलाव करने की तैयारी हो रही है क्या? खासतौर पर ऐसा मिलावट जिससे सेहत को नुकसान हो.

जवाब में पवन अग्रवाल ने कहा कि इसके लिए कानून में बदलाव की कोई जरूरत नहीं है. वर्तमान कानून में जो प्रावधान हैं अगर उसे ठीक तरह से लागू किया जाता है तो सब सही हो जाएगा. फिलहाल, इसी दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं.

फूड इको सिस्टम में फूड एग्रीगेटर एक अहम भूमिका निभा रहे हैं. लेकिन, जिन किचन से वो खाना लाते हैं उसकी साफ सफाई कैसी है ये ग्राहकों को नहीं पता चलता. क्या इसको लेकर कोई नियम बनाएगा या ड्राइव चलाएगा. इसके जवाब में उन्होंने कहा कि जो रेस्टोरेंट फूड एग्रीग्रेटर से जुड़े हैं, उन सभी को FSSAI से रजिस्टर होना जरूरी है. जो रेस्टोरेंट रजिस्टर नहीं हैं, उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.